कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-04.03.2025

विषय:- थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा वाहन चोर मो0 हाफिज गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का 01 अदद टोटो (ई-रिक्शा) बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0095/2025 धारा 303(2) बी0एन0एस0 व बढोतरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त मो0 हाफिज पुत्र मो0 इनामुद्दीन निवासी पुरानापुल ईदगाह के पास थाना सारनाथ जनपद वाराणसी स्थायी पता लंका विशेसर गंज चौराहा पेट्रोल पंप की गली में थाना कोतवाली जिला गाजीपुर को आज दिनांक-04.03.2025 को समय करीब 04.15 बजे हवेलिया रेलवे क्रासिंग के पास थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी का वाहन 01 अदद टोटो (ई-रिक्शा) बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 02.03.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने सब्जी मण्डी पंचक्रोशी थाना सारनाथ से किसी अज्ञात चोर द्वारा वादी मुकदमा/प्रार्थी का टोटो (ई-रिक्शा) वाहन सं0-UP 65 MT 5358 चोरी करने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ में मु0अ0सं0-0095/25 धारा 303(2) बी0एन0एस0 पंजीकृत कराया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 पवन कुमार द्वारा सम्पादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
मो0 हाफिज पुत्र मो0 इनामुद्दीन निवासी पुरानापुल ईदगाह के पास थाना सारनाथ जनपद वाराणसी स्थायी पता लंका विशेसर गंज चौराहा पेट्रोल पंप की गली में थाना कोतवाली जिला गाजीपुर, उम्र 18 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- हवेलिया रेलवे क्रासिंग के पास थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से, दिनांक-04.03.2025 को समय करीब 04.15 बजे।

बरामदगी का विवरण-
चोरी गया वाहन 01 अदद टोटो (ई-रिक्शा) वाहन संख्या UP 65 MT 5358 बरामद।

<u>आपराधिक इतिहास-</u>

1- मु0अ0सं0 0095/2025 धारा 303(2),317(2) बी0एन0एस0 थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी ।

<u>गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-</u>

(1)- थानाध्यक्ष विवेक त्रिपाठी थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी ।

(2)- उ0नि0 पवन कुमार राय थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी ।

(3)- उ0नि0प्र0 राम अजोर थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी ।

(4)- हे0का0 अरविन्द कुमार थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी ।

(5)- हे0का0 लल्लन यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी ।

सोशल मीडिया सेल

पुलिस उपायुक्त

वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी ।